कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विनोद पुत्र लालाराम प्रजापत निवासी ग्राम पोस्ट रसीदपुर तहसील महवा जिला दौसा राज0 321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी महवा

अपील संख्या 65/2024

निर्णय दिनांक 12.11.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी महवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी महवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/3478–79 दिनांक 29.10.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांक:260112/दिनांक 7.11.2024 व लोक सूंचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा ने पत्र कमांकः निर्वाचन/आरटीआई/2024/1228 दिनांक 7.11.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:28:40 IST
Reason: SelfAttested